हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 सितंबर 2025

11 कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के ....



काकड़ौली सरदारा बिजली घर पर पहुंचा 12…



## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिक जन कल्याण सेवा समिति की बैठक 7 को

**भिवानी।** पूर्व सैनिक जन कल्याण सेवा समिति की मासिक बैठक 7 सितंबर को सुबह 10 बजे नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक में होगी। इस बैठक में हरियाणा पूर्व सैनिक संघ (एचईएसएल) के आगामी चुनावों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। समिति के सचिव सूबेदार मेजर हरिकिशन शर्मा (रिटायर्ड) ने बताया कि हरियाणा पूर्व सैनिक संघ का चुनाव 5 अक्टूबर को होना तय है, और समिति इन चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेगी।

### सभी गांवों के लिए खुला ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

**चरखी दादरी।** सरकार ने लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिले के सभी गांवों के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। जिले के किसान बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट आगामी 10 सितंबर तक दर्ज करवा सकते हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि पिछले कई दिनों से जिले में हो रही बारिश के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सरकार को सभी गांवों के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का अनुरोध किया गया था। जिले में भारी बारिश के कारण किसानों की रबी 2025 की फसल को काफी नुकसान हुआ है।

### पैसे लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**बहल।** बहल कस्बे में मैन रोड पर रेहड़ी संचालक ने एक व्यक्ति को उसे खोए हुए करीब 37000 रुपये लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। रेहड़ी चालक की ईमानदारी की पूरे कस्बे में चर्चा हो रही है। बहल कस्बे में लक्ष्मी मार्केट के सामने रेहड़ी लगाने वाले गोपीराम ने कल रात को अपनी रेहड़ी पर एक काला पॉलीथिन देखा। उसने जब पॉलीथिन खोलकर देखा तो उसमें पैसे रखे हुए थे। गोपीराम ने मोबाइल से उक्त व्यक्ति का पता लगाया । वह व्यक्ति गोपीराम की रेहड़ी पर पहुंचा और अपने पैसे व मोबाइल प्राप्त किया। उसने गोपीराम की इस नेक काम के लिए आभार जताया।

### डाकघर की जगह बदली राजगढ़ रोड पर गया

**बहल।** बहल कस्बे का डाकघर सांगवान अस्पताल के पास से बदलकर अब राजगढ रोड पर पुलिस स्टेशन के पास शिफ्ट हो गया है। पुरानी जगह पर वाहनों की पार्किंग सहित अन्य कई प्रकार की दिक्कतें थीं। पोस्टमास्टर संदीप श्योराण ने बताया कि वर्तमान में जिस जगह पर पोस्ट ऑफिस था, वह जगह काफी संकरी थी। दिन भर वाहनों के आवागमन से असुविधा होती थी वहीं डाकघर में काम करवाने आए लोगों को वाहन खड़े करने में भारी परेशानी हो रही थी।



**भिवानी।** गांव प्रेमनगर के मुख्य मार्ग पर जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि



**भिवानी।** शहर स्थित डिस्पोजल का निरीक्षण करते अधीक्षण अभियंता।। फोटो : हरिभूमि

# दूसरे दिन 70 एमएम बरसा पानी, शहरी लोगों को राहत और ग्रामीण हुए आहत

- पानी की निकासी के बाद शहर के लोगों ने राहत की सांस ली।
- पब्लिक हेल्थ विभाग की टीम ने दो घंटों की मशक्कत के बाद पानी की निकासी कर दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दो दिन से भिवानी में जबरदस्त बारिश हो रही है। सोमवार को 100 एमएम पानी बरसा, देर रात तक पब्लिक हेल्थ की टीम ने निकाल दिया, लेकिन आज सुबह फिर से आसमान से करीब एक घंटे में 70 एमएम पानी बरस गया। पब्लिक हेल्थ विभाग की टीम ने दो घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद बारिश के पानी की निकासी कर दी। पानी की निकासी के बाद शहर के लोगों ने राहत की सांस ली।

दूसरी तरफ इतनी ही बारिश देहात में भी हुई, लेकिन वहां पर पानी की निकासी सही ढंग से न होने की वजह से रिहायशी कॉलोनी डूबने लगी है। हालात ये बने है कि भिवानी के आसपास व बवानीखेड़ा के गांवों में जबरदस्त बारिश ने बाहरी कॉलोनियों के घरों में पानी जमा हो गया। अगर थोड़ी सी भी बारिश ओर हुई तो ग्रामीण इलाकों से लोगों का पलायन होना शुरू हो सकता है। क्योकि कई गांवों के घरों में पानी पहुंच चुका है।



**भिवानी।** गांव बीरण की गलियों में जमा पानी दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पानी निकासी की मांग को लेकर उपायुक्त से मिले बीरण के ग्रामीण

गांव बीरण के वार्ड नंबर 15 के ग्रामीण मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और गांव में हो रहे भारी जलभराव की समस्या को लेकर अपनी व्यथा सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, और अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो स्थिति और भी खराब हो सकती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से यह भी मांग की कि जलभराव के कारण उन्हें जो आर्थिक और संपत्ति का नुकसान हुआ है, उसकी एवज में उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

### एसपी आवास के बाहर दो-दो फुट पानी

पब्लिक हेल्थ विभाग की बदौलत शहर में किसी भी जगह बारिश का पानी जमा नहीं है,लेकिन सबसे बुरी स्थिति हांसी रोड स्थित एसपी आवास के बाहर की बनी है। वहां पर सड़क पर करीब दो-दो फुट तक बारिश का पानी जमा है। चूंकि यहां पर जमा पानी की निकासी के लिए न तो कोई सीवर की व्यवस्था है और न ही कोई पम्पसेट लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। जिस वजह से वाहन चालकों को इसी पानी से ही होकर गंतव्य तक जाना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। चूंकि ज्यादा पानी होने की वजह से दोपहिया वाहन बीच पानी में ही बंद हो रहे है।

### एसई ने किया निरीक्षण

बारिश के बीच ही पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील रंगा ने सभी डिस्पोजलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारी व अधिकारियों से पम्पसेटों की क्षमता आदि की भी जानकारी ली। अधिकारी ने खुद पम्पसेटों पर पहुंचकर पानी की निकासी की क्षमता भी जांची। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता सुनील रंगा, जेई बिजेश जावला व आशीष आदि मौजूद थे।

### प्रेमनगर के हालात गंभीर

दो दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से गांव प्रेमनगर के हालात गंभीर हो गए है। लोगों के घरों में विशेषकर वाल्मीकि बस्ती में चार-चार फुट तक पानी खड़ा हो गया है, जिसके कारण लोग अपने घरों से पलायन करके सार्वजनिक स्थानों मंदिर, स्कूल, सामुदायिक, केंद्रों में शरण ले रहे है। बाढ़ के हालात ज्यादा गंभीर होने के कारण पशुओं, बच्चों और बुजुर्गो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि शमशाम घाट भी ओवरफ्लो हो चुका है। सुरक्षित स्थानों की खोज में लोगों का गांव के सरपंच के घर पर तांता लगा हुआ है। पर कही भी सुरक्षित जगह नजर नहीं आ रही। नाले, तालाब, रास्ते, स्कूल, खेत सभी में पानी ही पानी है। यदि हालात ऐसे ही रहे तो लोगों का जीवन भी खतरे में पड़ सकता है। ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति प्रेमनगर के प्रैस सचिव पूर्व प्राचार्य रमेश बूरा ने कहा कि गांव में हर जगह पानी ही पानी है। तालाब, नाले, रास्ते और खेत पानी से लबालब है। सभी जगह तीन से चार फुट तक पानी खड़ा है। जिन घरों में पानी भरा है, उन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण दिलाने के लिए ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति मदद में जुटी है। प्रशासन से अपील है कि इस तरफ तुरंत ध्यान देकर लोगों को बाढ़ से बचाने बारे आवश्यक कदम उठाए जाए।

## सीवर की सफाई आई काम, चार घंटे में हो गई पानी की निकासी



- चार दिन पहले ही प्रशासन ने उठवाए थे गंदगी के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही लोग पानी की निकासी को लेकर प्रशासन पर कितने ही आरोप लगाते हो,लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी ने शहर को डूबने से बचा लिया। अगर समय रहते प्रशासन शहर ,सीवर,नाले व नालियों की सफाई नहीं करवाता तो बारिश के साथ साथ पानी की निकासी नहीं हो पाती। करीब दो घंटे के भीतर 100 एमएम पानी बरस गया,लेकिन चार घंटे में अधिकांश शहर का पानी उतार दिया। हालांकि एक दो इलाकों में सुबह तक पानी निकला, रात 12 बजे दिनोद गेट इलाके का भी पानी निकल चुका था। सुबह लोग सोकर उठे तो उस वक्त शहर की सड़कों पर पानी नहीं था। वह बात दीगर है कि सेक्टर 13 व 23 की सड़कों पर पानी जमा रहा,लेकिन वहां से भी पानी की निकासी का कार्य जारी था।

अगर जिला प्रशासन करीब तीन चार दिन पहले शहर में जगह जगह लगे गंदगी के ढेरों को नहीं उठवाता तो भिवानी शहर का डूबना लाजिमी था। क्योंकि तेज बारिश के साथ सड़क किनारे पड़ा कचरा बह कर पानी के साथ सीवर के मेन होल व नालों में जाता और उसकी वजह से उनमें पानी की निकासी बंद हो जाती। इनके अलावा जिला प्रशासन ने बीते माह सीवरेज की भी सफाई करवा दी थी। जिस वजह से पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा पम्प लगवाकर पानी की निकासी की गई तो शहर का पानी डिस्पोजल तक पहुंच गया। कई जगहों पर डिस्पोजल तक पानी ले जाने वाले नाले ओवर होने लगे तो पब्लिक हेल्थ ने कनिष्ठ अभियंता बिजेश जावला को ओवर होते नालों को दुरुस्त करवाने की जिम्मेदारी सौंप दी,जबकि जेई बिजेश जावला की डयूटी ग्रामीण इलाकों में लगी हुई है। वहां पर सिंचाई विभाग पानी की निकासी की जिम्मेदारी है।

### ग्रामीण इलाकों की हालत बिगड़ी

जैसे तैसे शहर के पानी की निकासी हो गई,लेकिन ग्रामीण इलाकों की हालत खराब है। पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से खेतों का पानी गांव की तरफ बढ़ने लगा। हालत ये बने हैं कि ग्रामीण इलाकों में पानी जमा,फिलहाल पानी निकासी की कोई व्यवस्था नजर नहीं आ रही हैं। जिस वजह से लोगों को पानी से ही निकलकर दैनिक कार्य निपटाने पड़ रहे है। यहां यह बताते चले कि शहर के पानी की निकासी की जिम्मेदारी पब्लिक हेल्थ की थी,लेकिन देहात के पानी की निकासी की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है। सिंचाई विभाग ही देहात के पानी की निकासी करवा रहा है।

### पंचायतों को स्कूल भवनों के निरीक्षण के आदेश

भरी बारिश के बाद उपयुक्त साहिल गुप्ता ने सभी ग्राम पंचायतों को सरकारी भवन,स्कूल,धर्मशालाओं के भवनों का निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी आदेश दिए है कि अगर जरूरत पड़ने पर किस भवन में लोगों के ठहरने की व्यवस्था हो सकती हैं।

उपयुक्त के आदेश मिलने के बाद सभी सरपंचों ने गांव में जलभराव व पानी की निकाशी की किस तरह व्यस्था हो सकती हैं,इस की पड़ताल में जुट गए हैं। साथ ही स्कूल,सरकारी भवन व धर्मशालाओं के भवन का निरीक्षण कर रहे हैं। इन सब कार्यों की रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी।

## बाढ़ नियंत्रण कक्ष किया स्थापित : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने कहा कि डीसी साहिल गुप्ता के दिशा-निर्देश पर तोशाम में बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। एसडीएम ने करीब दो दर्जन कर्मचारियों को ड्यूटी का चार्ट बनाकर एलर्ट किया गया है।

उन्होंने बताया कि उप मण्डल परिसर, तोशाम कमरा न० 3 में बाढ़ नियत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नायब तहसीलदार विकास को बाढ़ नियत्रण कक्ष के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

करीब दो दर्जन कर्मचारियों की ड्युटी उप मण्डल परिसर, तोशाम कमरा न० 3 में दूरभाष न0 01253-258352 बाढ़ नियत्रण कक्ष में लगाई गई है और उन्हें सख्त निर्देश दिए है कि वो सरकार व अन्य विभागों/किसी स्थान से ड्यूटी के समय सूचना प्राप्त हो तो तुरन्त उसकी सूचना नोडल अधिकारी को दें। यदि किसी कर्मचारी द्वारा उक्त ओदेशों की अवहेलना पाई गई तो उनके विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जाएगी। यदि कोई कर्मचारी बीमारी/किसी अन्य कारण से अवकाश पर है तो उनके स्थान पर स्वयं किसी अन्य कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर इस कार्यालय को समय से पूर्व जरूर सूचना दे। एसडीएम ने लोगों से आह्वान किया है कि बाढ़ से सम्बंधित कोई भी सहयोग के लिए प्रशासन द्वारा जारी फोन नम्बर पर सूचना दे सकते हैं।

## एसडीएम ने लिया पानी निकासी का जायजा

- जल भराव की स्थिति में दो घंटे में निकाला जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

एसडीएम मनोज दलाल ने मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर बारिश से जलभराव वाले क्षेत्र बरालु, सेहर व पाजू में पानी निकासी का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास पानी निकासी के सभी पर्याप्त प्रबंध है। उप मंडल के किसी भी गांव में अगर जल भराव की स्थिति बनती है तो बारिश के दो घंटे के बाद पानी को निकाल दिया जाएगा।



**लोहारू।** लोहारू के बरालु गांव में बरसाती पानी के निकासी के प्रबंधों का जायजा लेते हुए एसडीएम मनोज दलाल।

एसडीएम ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को पानी की निकासी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बरालू में लगे दो पंप सेट का निरीक्षण किया, जो एक पंप पानी को जोहड़ से बाहर व दूसरा नहर में पानी डाल राह था। एसडीएम ने पाजू व सेहर में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को जलभराव से बचाव के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त साहिल गुप्ता सभी ग्राम पंचायतों को दिन-रात गश्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

**चयन** वर्ल्ड यूथ मुए थाई चैम्पियनशिप में लेगा भाग

## भिवानी का सूरज तंवर आबू धाबी में दिखाएगा अपने जौहर

- प्रतियोगिता 10 से 19 सितम्बर तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिले के लिए गर्व का विषय है कि स्थानीय बैंक कालोनी स्थित दुर्गा स्पोर्ट्स अकादमी भिवानी का खिलाड़ी सुरज तंवर का चयन संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी आबू धाबी में होन वाली वर्ल्ड यूथ मुए थाई चेम्पियनशिप के लिए 45 कि० ग्राम भार वर्ग में भारतीय टीम में हुआ है । यह प्रतियोगिता 10 से 19 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर सुरज तंवर न केवल भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बल्कि हरियाणा और भिवानी का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बताया कि यह अवसर उनकी वर्षों की मेहनत, मुए थाई खेल संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, प्रदेश महासचिव व कोच सोमबीर वशिष्ठ माता- पिता और सिनियर खिलाड़ियों के सहयोग से संभव हुआ है।



दुर्गा स्पोर्टस अकादमी के अध्यक्ष मुकेश तंवर व संचालक कोच सोमबीर वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से कहा कि भिवानी के मुए थाई खिलाड़ी अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रहे हैं और देश व प्रदेश के साथ जिला भिवानी का विश्व स्तर पर नाम चमका रहे हैं। इसके बाद सऊदी अरब के बहरीन में होने वाले तीसरे एशियन यूथ ओलंपिक खेलों में 45 कि० ग्राम भार वर्ग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा, जिसके लिए सुरज अपने कोच सोमबीर वशिष्ठ के मार्गदर्शन में प्रतिदिन सुबह शाम 6 से 7 घंटे अभ्यास कर रहा हैं। शर्मा ने बताया की सुरज इससे पहले भी लगातार 4 बार का राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी रहा हैं। इस अवसर पर सज्जन कंवर , मितलेश तंवर , विशाल, दीपक भाकर, गौरव वशिष्ठ, दीपक पारचे, राकेश शर्मा, जोगेन्द्र राठौढ, कर्मबीर कौशिक पालवास, प्रदीप पहलवान कायला आदि संघ के पदाधिकारी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी में डीसी को दिए निर्देश

- सिंचाई और जन स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को भी सचेत रहने के निर्देश
- सभी सरकारी व गैरसरकारी अस्पताल उपयुक्त मात्रा में दवाइयां व अन्य उपकरण तैयार रखें

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्त के साथ वीसी के माध्यम से बैठक कर बारिश व जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की जानकारी दी।

उपायुक्त ने बताया कि जिला के गांव व दादरी शहर के रिहायशी इलाकों में स्थिति सामान्य है। फिर भी प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। गांवों के खेतों में जलभराव हुआ है। धान बुआई क्षेत्र में पानी ज्यादा है। जिला प्रशासन द्वारा पानी निकासी के प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सिंचाई और जन स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को भी सचेत रहने के निर्देश दिए गए हैं और मुख्यालय नहीं छोड़ने को कहा गया है ताकि किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर सभी विभागाध्यक्ष तत्परता से उपलब्ध रहें। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार नागरिकों को पशुधन की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। स्थिति को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी 24 घंटे तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को सहायता प्रदान की जा सके। इसके अलावा जिला के सभी सरकारी व गिर सरकारी अस्पतालों को भी उपायुक्त मात्रा में दवाएं रखने को कहा गया है।

## बिजली के अघोषित कटों ने बढ़ाई परेशानी, न घर में चैन और न बाहर

- बिजली आधारित कामगार लोगों का कामकाज पूरी तरह से हो चुका है ठप
- कस्बे में पेयजल आपूर्ति के लिए लोग निजी ट्यूबवेल व जनस्वास्थ्य विभाग की सप्लाई पर निर्भर

**बहल।** पिछले करीब एक सप्ताह से बिजली के लग रहे अघोषित कटों से लोग बुरी तरह से परेशान हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी में पूरे पूरे दिन बिजली गुल होने से लोगों को न घर में चैन है, न बाहर। बिजली आधारित कामगार लोगों कामकाज पूरी तरह से ठप हो चुका है। वहीं, पिल्लर बॉक्स को सुधारने का काम भी अटक गया है।

कस्बे में अधिकतर व्यवसायी बाहर गांवों से आते हैं। वे सुबह घर से काम के लिए बहल आते हैं पर दिन भर बिजली का इंतजार कर वापस लौट जाते हैं। धंधा ठप होने से उनको आने जाने का किराया भी घर से ही वहन करना पड़ रहा है। ठप हुई बिजली व्यवस्था का असर पेयजल सप्लाई पर भी पड़ा है। कस्बे में पेयजल आपूर्ति के लिए लोग निजी ट्यूबवेल व जनस्वास्थ्य विभाग की सप्लाई पर निर्भर है। पर, बिजली के अभाव में दोनों ही सप्लाई ठप होकर रह गई है। इसलिए, कस्बे के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है। वहीं, बारिश के बाद बनी उमस में लोग बिना बिजली के परेशानी में है। दिन तो जैसे तैसे गुजर आता है पर रात को बिजली नहीं आने से लोग रात भर खुले में चक्कर काट कर गुजारने को विवश है। चरमराई बिजली व्यवस्था से परेशान लोगों ने मंगलवार को बिजली निगम कार्यालय में जाकर अधिकारियों से जवाब तलबी की। सप्ताह से बिजली के आने जाने का कोई समय नहीं।

WOMEN COLLEGE OF EDUCATION
JHOJHU KALAN, (CHARKHI DADRI)
Approved by N.C.T.E & Affiliated to C.B.L.U, Bhiwani & B.S.E.H Bhiwani
Email: wcoejk@gmail.com, Website: www.wcoejk.org.in
Application are invited for the post of Principal, Teaching and Non-Teaching Staff on regular basis :-
B.Ed. Course: Academic Faculty
Principal - 1, Assistant Professor in Perspective in Education - 3, Assistant Professor (Pedagogy Subjects) 9 (Hindi, English, Sanskrit, Social Science, Computer Science, Physical Science, Mathematics, Commerce, Biological Science) and Assistant Professor of Health & Physical Edication-1, Fine Arts- 1, Performing Arts/Dance/Theatre)-1, Librarian-1
Adm. & Prof. Support Staff
Library Assistant -1, Lab Assistant- 2, Gardner - 2, & Peon - 2
Salary and Qualification as per UGC/NCTE/University/State Govt. Norms
Application along with two colour photographs and attested photocopies of al testimonials should reach within 21 days of the publication in the office of college and same copy of application should be submitted in the office of Dean Colleges, C.B.L.U Bhiwani through Regd. Post or by hand against proper receipt.
Phone No. President: 9812940348. Coordinator: 9728542968



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

## लाइफ Style

# कृति



## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह




**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।

***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्मे थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## खबर संक्षेप

### हाई अलर्ट के बाद भी बनी जलभराव की समस्या

**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने मौसम विभाग द्वारा जारी हुए हाई अलर्ट के बावजूद जलभराव की समस्या को नजरअंदाज करना शासन और प्रशासन की हर बार की तरह बरती गई लापरवाही को दर्शाता है।

### पूर्व विधायक ने की मुआवजे की मांग

**भिवानी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक डा. शिव शंकर भारद्वाज ने हरियाणा सरकार से बरसात के कारण खराब हुई फसलों के लिए किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में हुई भारी बारिश से किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। डा. भारद्वाज ने सरकार से तुरंत विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों के नुकसान की भरपाई करने का आग्रह किया।

### जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई करे सरकार

**भिवानी।** पिछले दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण जिले के शहर व सभी गांवों में पानी की निकासी न होने के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो चुके हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार पुख्ता प्रबंध करने ताकि बाढ़ के प्रकोप से बचा जा सके। यह बात जन नायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि लगातार हो रही बरसात के कारण भिवानी शहर व गांवों की गलियों में पानी भर चुका है। जिले में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो चुके हैं। इसलिए प्रदेश सरकार को कड़े व पुख्ता प्रबंध करने चाहिए।

### हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**बहल।** जीडीसी महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष में चल रहे हिंदी पखवाड़े में हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में जहां आत्मविश्वास बढता है वहीं उनके भाषा कौशल में निपुणता आती है। मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय कला संकाय, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय व बीएससी कृषि के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनील ने जन जन की भाषा है हिंदी कविता के माध्यम से सभी का मन मोह लिया।

### नपा चेयरमैन अत्री ने किया पानी निकासी का निरीक्षण

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में भारी बारिश के कारण हुए जल भराव को लेकर नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियता जय सिंह, जेई सुनील जांगड़ा द्वारा अनेक स्थानों पर निरीक्षण किया व पंप लगवाकर पानी निकालने का कार्य किया। नपा प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियता जय सिंह, जेई सुनील जांगड़ा ने बताया कि जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

## जागरूकता जत्था 12 सितंबर को दादरी में पहुंचेगा

# कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए आशा वर्कर्स करेंगी शंखनाद

हरिभूमि

### एक से 26 सितंबर तक होगा नुक्कड़ सभाओं का आयोजन

न्यूज ▶▶| बाढडा

कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ जागरूकता को बढ़ाने के लिए आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा आगामी माह में क्षेत्र के अनेक गांवों तथा नगर में जनता के बीच जत्था अभियान चलाकर जनता को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए आशा वर्कर्स का जत्था जो कि प्रदेश स्तर पर एक सितंबर से 26 सितंबर तक चलेगा जो प्रदेश भर में हजारों नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेगा। जागरूकता जत्था 12 सितंबर को दादरी में पहुंचेगा। 11 सितंबर को बाढडा, बेरला, कादमा, 12 सितंबर को पैतावास, बिगोवा, चरखी दादरी गांव में जत्था अभियान के तहत नुक्कड़ सभाओं का कार्यक्रम तय किया गया।

यह जानकारी सीटू जिला सचिव सुमेर सिंह धारणी आशा वर्कर्स यूनियन राज्य उपाध्यक्ष कमलेश भैरवी ने आशा वर्कर्स को देते हुए कहा कि आज बेटियां राजनीति के क्षेत्र में भी हाथ आजमा रही है और अनेकों अनेक तरीके से मां-बाप को विशेष पहचान दिला रही है। बेटियों ने यह साबित किया है कि वह किसी भी रूप में बेटों से कम नहीं है। यदि बेटियों को भी बेटों के बराबर मौके मिले और बेटियों के लिए समाज संवेदनशील रहे, पितृ सकारात्मक सोच की बजाय लड़के और लड़की को एक समान नागरिक के रूप में देखे और उन पर लगाई गई हजारों पाबंदियों को हटा ले तो लड़कियां और भी बेहतरीन काम कर सकती हैं। समाज से लड़कियों की घटती संख्या महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक मुख्य कारण बनती है। समाज में महिलाओं की संख्या कम होने पर महिलाओं पर जल्दी शादी करने के दबाव बढ़ते हैं महिलाओं की खरीद फरोख्त होती है और महिलाएं यौन वस्तु की तरह से देखी जाने लगती हैं। जिससे समाज में एक विकृत मानसिकता पैदा होती है जिससे समाज हिंसा और अपराध का अड्डा बन जाता है।



आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए कमलेश भैरवी। फोटो : हरिभूमि

**समाज को स्वस्थ बनाएं**

*यही कारण है कि तमाम क्षेत्र में अपना और मां बाप का नाम रोशन करने वाली, पूरे समाज के सीने को गर्व से चौड़ा करने वाली हमारे देश की प्रबुद्ध नागरिक आज किसी भी जगह सुरक्षित नहीं है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा, दहेज, भेदभाव, असुरक्षित वातावरण और कन्या भ्रूण हत्या सभी आयाम एक दूसरे से गहरे रूपों में अन्तरसंबंधित हैं। आज हम सब का कर्तव्य है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा का डटकर मुकाबला करें, प्रतिरोध के स्वर तेज करें और अपने समाज को स्वस्थ और सुंदर बनाएं।*

## प्राचार्य डॉ. उमेद जांगिड़ ने दी बधाई

# चौ बंसीलाल कॉलेज में 80 नए कैडेट्स की हुई भर्ती



चौ बंसीलाल कॉलेज में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए कॉलेज के युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

मंगलवार को चौ बंसीलाल कॉलेज में 80 नए कैडेट्स की भर्ती की गई है तथा इस भर्ती के लिए कॉलेज के 128 युवाओं ने हिस्सा लिया था। जिनमें 26 छात्राएं और 102 छात्र शामिल थे। कार्यकारी प्राचार्य डॉ उमेद जांगिड़ ने एनसीसी यूनिट में भर्ती हुए युवाओं को बधाई दी है।

कार्यकारी प्राचार्य डॉ उमेद जांगिड़ ने बताया कि लोहारू-7 चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय एनसीसी यूनिट के लिए मंगलवार को भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल के एडम मुकेश माथुर की अध्यक्षता में सूबेदार रघुबीर, हवलदार अमित मावल्या, हवलदार कमल कुमार एवं हवलदार महावीर सिंह की मौजूदगी में आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान शारीरिक परीक्षण और लिखित परीक्षा करवाई गई। उन्होंने बताया कि दोनों ही परीक्षाओं के माध्यम से कॉलेज की 80 कैडेट की एनसीसी यूनिट की भर्ती प्रक्रिया नियमानुसार पूरी कर ली गई

**बढ़ता है आत्मविश्वास**

उन्होंने कहा कि एनसीसी के माध्यम से लड़कियों को शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत होने का मौका मिलता है। इससे छात्राओं में साहस, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का गुण विकसित होता है। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी और कॉलेज के अनेक छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# हत्यारों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

## आयुष फार्मासिस्ट की संदिग्ध मौत मामले में निष्पक्ष जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीते 31 अगस्त को घंटाघर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला, जिसकी पहचान आयुष विभाग में फार्मासिस्ट सुनील रंगा (41) के रूप में हुई थी। परिवार ने उनकी मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई है और दोषियों को पकड़ने के लिए शहर थाने में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए एक अर्जी दी है। बता दे कि सुनील रंगा हसान गांव के आयुष विभाग में कार्यरत थे, 30 अगस्त को ड्यूटी के बाद घर लौट आए थे। उनके बड़े भाई विनोद कुमार रंगा ने बताया कि उसी दिन शाम करीब 8 बजे सुनील अपनी स्कूटी पर किसी से मिलने गए थे। इसके बाद से उनका मोबाइल बंद था और परिवार उनसे संपर्क नहीं कर पाया। अगली सुबह शहर पुलिस ने घंटाघर से उनका शव बरामद किया, जिसे लावारिस मानकर सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया था। इस घटना के बाद जन संघर्ष समिति भिवानी के संयोजक और माकपा नेता कॉमरेड ओम प्रकाश और सुखदेव पालुवास ने अस्पताल पहुंचकर शव का मुआयना किया और पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।



अस्पताल परिसर में मौजूद माकपा के सदस्य व परिजन।

**दोषियों को गिरफ्तार करें**

उन्होंने दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की भी मांग की। रंगा ने भी शहर थाने में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सुनील रंगा डीपीआरओ सुरेंद्र कुमार के बुआ के बेटे थे। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार हनुमान गेट स्थित बैकुंठ धाम में किया गया, जिसमें शहर के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सुनील अपने पीछे अपनी मां रामरती देवी, पत्नी अंजू और 17 वर्षीय बेटी तमन्ना को छोड़ गए हैं। इस दुखद घटना से पूरा परिवार गहरे शोक में है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सुनील के हत्यारों की तलाश कर रही है।

# एसएल इंटरनेशनल स्कूल, जुईकलां में स्व. सोहन लाल की जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

## कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से किया

जुईकलां स्थित एस.एल. इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में प्रख्यात शिक्षा शास्त्री स्वर्गीय सोहन लाल की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन के साथ किया गया। स्व. सोहन लाल जी ने सदैव शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा क्षेत्र के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उनके अमूल्य योगदान और शिक्षा के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए विद्यालय परिवार ने इस दिन को विशेष महत्व प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ. सी.पी. मलिक, ओमप्रकाश तथा प्रधानाचार्य डॉ. पियूष गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षक के महत्व और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि स्व. सोहन लाल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है और उनकी शिक्षाएं समाज को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करती रहेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों को एकता और प्रेरणा का संदेश दिया गया। पूरे वातावरण में श्रद्धा, उत्साह और शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट झलक रही थी।



जयंती अवसर पर आयोजित हवन में आहुति डालते हुए।

## डॉ. मनीषा ने जलभराव वाले गांवों का दौरा किया



चरखीदादरी। जलभराव क्षेत्र का दौरा करती हुई। फोटो : हरिभूमि

**चरखी दादरी।** कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री डॉ मनीषा सांगवान ने मंगलवार को जलभराव से प्रभावित गांवों का दौरा किया और फसलों का निरीक्षण कर पीड़ित किसानों से मुलाकात की। गांव झींझर में जलभराव से प्रभावित फसलों का निरीक्षण करने के बाद डॉ मनीषा सांगवान ने कहा कि पानी से हजारों एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन की तरफ से खेतों से पानी निकासी के पर्याप्त प्रबं नहीं किए गए हैं, खेतों में तीन से चार फीट तक पानी खड़ा है। किसानों की बाजरा, कपास, धान सहित अन्य फसल पानी की भेंट चढ़ गई। ऐसे में पहले से आर्थिक मार झेल रहे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। मनीषा सांगवान ने कहा कि मौसम विभाग ने पहले ही भारी बारिश की आशंका जताई थी। इसके बावजूद दादरी में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पानी निकासी के लिए प्रबंध नहीं किया गया। जिसको खामियाजा किसानों को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द पानी से बर्बाद हुई फसलों की गिरदावरी करवाए और सरकार 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दे।

## पूर्व विधायक सोमवीर सिंह ने की मांग

# प्रभावित रकबे का प्रति एकड़ 50 हजार मुआवजा दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा।

प्रदेश में लगातार चल रही बरसात से बाजरा, ग्वार व कपास की फसलें पूरी तरह खराबें की भेंट चढ़ चुकी हैं और सरकार अभी तक धरातली जायजा तक नहीं ले पाई है। अन्नदाता सरकार की मनमानी से पूरी तरह परेशान है और प्रदेश को आपदाग्रस्त घोषित कर किसानों को को प्रति एकड़ ५० हजार का मुआवजा जारी करना चाहिए।

यह बात पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर सिंह ने हलके के गांव हड़ौदी, भांडवा, गोपी, काकड़ौली, जीतपुरा में बरसाती फसलों का नुकसान का जायजा लेने के बाद किसानों से मुलाकात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि पकी हुई फसलों में दोबारा अन्न पैदा होने लगा है लेकिन केन्द्र व प्रदेश सरकार कोई कदम उठाने या राहत का एलान करने की बजाए गहरी नींद सो रही है। इसके अतिरिक्त आबादी वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी के लिए पर्याप्त पंपों का विशेष प्रबंध किया जाए ताकि लोगों के घरों में जलभराव से होने वाले स्वास्थ्य संकट को रोका जा सके। कई जिलों में बाढ़ की स्थिति दिनों-दिन गंभीर होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार को बचाव एवं राहत कार्य में तेजी लानी चाहिए, जलभराव प्रभावित क्षेत्रों से जलनिकासी का प्रबंध करना चाहिए। बरबाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाए।

**नुकसान की वीडियोग्राफी करवाएं**

*प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी को सभी मंत्रियों, अतिरिक्त मुख्य सचिवों को अलग अलग जिलों में भेजकर नुकसान की विडियोग्राफी करवानी चाहिए ताकि नुकसान की असलियत से सरकार वाकिफ हो सके। हरियाणा में लगातार बरसात से किसानों की खरीफ सीजन की सौ फिसदी फसलें खराब हो गई है लेकिन सीएम चरखी दादरी भिवानी दोनों जिलों में केवल चुनिंदा गांवों को ही नुकसान की श्रैणी में लेकर शेष गांवों के किसानों के हितों से कुठाराघात कर रहे हैं जो न्यायसंगत नहीं है। बर्बाद हुई फसलों का शीघ्र सर्वे करवा कर उचित मुआवजा दिया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गिरदावरी करवाई जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को राहत राशि प्रदान की जाए।*

## व्यापारी भय के साए में जी रहे

# अपराधी विदेशों व जेलों में बैठकर फिरौती की मांग कर रहे :गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग तोशाम के व्यापारी रोशन लाल से अपराधियों द्वारा फोन पर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने पर चिंता प्रकट करते हुए इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने मांग की है कि सरकार व पुलिस प्रशासन को अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि पीडित व्यापारी रोशन लाल से फोन पर बातचीत करके हरसंभव मदद करने की बात कही। गर्ग ने कहा कि हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा लूटपाट, फिरौती व मंथली मांगने से व्यापारी भय के साए में जी रहे हैं। सरकार को अपराधियों का पक्का से पक्का ईलाज करना चाहिए ताकि कोई भी अपराधी हरियाणा में अपराध करने की हिम्मत ही ना कर सके। अपराधी विदेशों व जेलों में बैठकर अपना गैंग चलाकर खुलेआम फिरौती मांग रहे है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में लगातार युवा पीढ़ी नशे के दल-दल में धस्ती जा रही है। हरियाणा में खुले आम नशे का व्यापार फल-फूल रहा है। नशा कॉलेज व कॉलेज के बाहर बिक रहा है। नशे के बिकने का मुख्य कारण हरियाणा में बेहताशा बेरोजगारी है। सरकार को हरियाणा में बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कारगर खत्म उठाने की जरूरत है।

# बीएलजेएस कॉलेज में एनसीसी प्रथम वर्ष की भर्ती प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

बनवारीलाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय में एनसीसी प्रथम वर्ष भर्ती प्रक्रिया का 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के कमान अधिकारी थांमस कुटी के मार्ग दर्शन व महाविद्यालय ट्रस्टी देवेन्द्र देव शर्मा के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस प्रक्रिया का शुभारंभ कमान्डेंट थांमस कुटी सुबेदार मेजर डी गोपाला कृष्णन, महाविद्यालय ट्रस्टी देवेन्द्र देव शर्मा, प्राचार्य श्याम वशिष्ठ ने पौधारोपण के साथ किया।

प्राचार्य श्याम वशिष्ठ, कैप्टन जसवंत सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह व संजय गुप्ता, श्याम वीर ने कमान अधिकारी का महाविद्यालय में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सुरेन्द्र कुमार ट्रेनिंग जेसीओ व उनकी टीम ने शारीरिक मापदंड के साथ-साथ लिखित परीक्षा का आयोजन भी किया। कमान अधिकारी थांमस कुटी ने एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में शामिल विधार्थियों के साथ एनसीसी दिव्तीय एवं तृतीय वर्ष के कैडेट्स को अपने सम्बोधन में कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को अनुशासन, चरित्र, भाईचारा, साहस, निःस्वार्थ सेवा, सत्यनिष्ठा और आत्मबलिदान जैसे मूल्यों से प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि युवा भारतीय को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

**सौ छात्रों ने भाग लिया**

एनसीसी अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रथम वर्ष भर्ती प्रक्रिया में लगभग सौ छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया और शारीरिक मापदंड के साथ दौड़ आदि में अच्छी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

## मृत्युंजय सिंह ने हेड बॉय व दिव्या अग्रवाल ने हेड गर्ल के रूप में ली शपथ

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मनाई इन्वेस्टर संरेमनी

### बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जेवियर्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इन्वेस्ट संरेमनी एक औपचारिक कार्यक्रम होता है। जिसमें किसी व्यक्ति को एक विशेष पद, जिम्मेदारी एवं अधिकार सौंपा जाता है। स्कूल में यह समारोह विद्यार्थियों को विभिनन छात्र पदों जैसे हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन आदि पर नियुक्त करने के लिए आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में एनसीसी प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल थामस कुटी, स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व स्कूल प्रधानाचार्या उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल थामस कुटी का स्वागत किया गया। विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं हेड बॉय, हेड गर्ल, हाऊस कैप्टन, वाइस कैप्टन जैसी जिम्मेदारियां सौंपी गई। यह चयन विद्यालय के प्रत्येक छात्र द्वारा मतदान के आधार किया गया। मेधावी छात्र विजय से सभागार में विद्यालय के अन्य छात्रों द्वारा अभी एक्त, हरियाणवी नृत्य के साथ-साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

काउंसिल मेंबर तथा हाउस कैप्टन के द्वारा मार्च पास्ट किया गया और हेड बॉय मृत्युंजय व हेड गर्ल दिव्या अग्रवाल को शपथ दिलाई गई। डिप्टी हेड बॉय भागंश, डिप्टी हेड गर्ल वसुंधरा रही, खेल कप्तान अखिल व उपखेल प्रधान दक्ष व हिमांशु रहे। अनुशासन प्रभारी के रूप में छात्र रूद्र, अनुभव, शिव, मंशु व हिमांशी तथा उपप्रधान हाउस कप्तान में देवांश, लक्ष्य, अराध्या व दिपांशु को चुना गया।




भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**चयनित सभी छात्रों को बैज पहनाया**

*सांस्कृतिक कार्यक्रम में देवांशी व छवि, इंग्लिश स्पोकन में भागयम को चुना गया। चयनित सभी छात्रों को बैज पहनाकर एवं शपथ दिलाई। स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह ने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद पाना नहीं बल्कि कत्र्तव्यों को जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ निभाना है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के साथ विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।*

खबर संक्षेप

### विधायक ने सीएम नायब सैनी को सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर प्राकृतिक आपदा से खराब फसलों का किसानों को मुआवजा देने बारे मांग पत्र सौंपा। साथ कि दादरी विस के विकास कार्यों बारे चर्चा करते हुए विकास परियोजनाओं को धरातल पर लागू करने की मांग उठाई। सीएम द्वारा तुरंत संबंधित अधिकारियों को दादरी जिला में खराब फसलों का मुआवजा देने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के साथ ही फसलों के नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया है।

### विद्यार्थियों के लिए इग्नू है सुनहरा मौका

**चरखी दादरी।** इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन और ओडीएल माध्यम से दाखिले की अंतिम तिथि को 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 15 सितंबर कर दिया है। यह निर्णय उन छात्रों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिन्हें मेरिट या अन्य कारणों के चलते पूर्व में दाखिला नहीं मिल सका था।

### बच्चों को दिलाई गरिमा बनाए रखने की शपथ

**चरखी दादरी।** विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान के तहत एचडी स्कूल बिरोहड में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अध्यापकों में विद्यालय के प्रति गर्व एवं जिम्मेदारी की भावना जागृत करना रहा। मातनहेल खंड शिक्षा अधिकारी के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कर विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।

### तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव मिला

**बवानी खेड़ा।** जमालपुर द्वितीय में सोमवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब तीन दिन से लापता चल रहे 50 वर्षीय व्यक्ति का शव गांव के श्मशान घाट के पास स्थित जोहड़ में तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय बबलू उर्फ धर्मवीर निवासी जमालपुर द्वितीय के रूप में हुई। ग्रामीणों ने शव देख तुरंत इसकी सूचना गांव के सरपंच भूपसिंह और बवानीखेड़ा थाना पुलिस को दी।

## दो दिन बाद होगा ट्रायल शुरू, दस गांवों को मिलेगी पर्याप्त बिजली आपूर्ति

# काकड़ौली सरदारा बिजली घर पर पहुंचा 12 एमवीए का ट्रांसफार्मर

**एक साल से आंदोलनरत क्षेत्र के कृषि व घरेलू उपभोक्ताओं में खुशी की लहर**

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

गांव काकड़ौली सरदारा के 33 केवी बिजली सब स्टेशन पर12 एमवीए की बड़ी क्षमता के ट्रांसफार्मर पहुंच गया है जिसका दो दिन बाद प्रथम ट्रायल पूरा कर इसका मुख्य फीडरों पर लगाया जाएगा। इसके पहुंचने से पिछले एक साल से आंदोलनरत क्षेत्र के कृषि व घरेलू उपभोक्ताओं में खुशी की लहर है और जून माह में दस गांवों के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर रोष प्रदर्शन किया जिस पर मौके पर पहुंचे विधायक उमेद पातुवास व एसडीएम मनोज दलाल ने जल्द समस्या के



बाढड़ा। काकड़ौली सरदारा में पहुंचा ट्रांसफार्मर। फोटो : हरिभूमि

समाधान का भरोसा दिया था जिससे अब आने से सभी ने राहत की सांस ली है। इसके संचालन से यह ट्रांसफार्मर दौगुनी क्षमता में बिजली आपूर्ति सुविधा शुरु करेगा जिससे क्षेत्र के सिंचाई व घरेलू उपभोक्ताओं को अघोषित कटों से निजात मिलेगी। कृषि बाहुल्य बाढड़ा क्षेत्र के काकड़ौली सरदारा स्थित बिजली सब स्टेशन से मौजूदा समय में क्षेत्र के 10 गांवों को मात्र 6 एमवीए ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति की जा रही थी जिससे बार-बार फीडरों के ओवरलोड के कारण अघोषित कटों से जूझना पड़ रहा था। पूर्व सरपंच विजय मोटू, सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार, पूर्व सरपंच विजय फौजी व वेदप्रकाश काकड़ौली सरदारा ने बताया कि वर्ष 2008 में निर्मित 33 केवी बिजली घर की क्षमता में वृद्धि करने की मांग बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिस समय यह बिजली घर यहां पर संचालित किया गया था उस समय ही इसपर बिजली आपूर्ति अधिक होने का दबाव था लेकिन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर की जगह बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा लेकिन 17 साल का लंबा अर्सा बीतने के बाद भी बिजली घर की सुध नहीं ली गई है। मौजूदा समय में इस बिजली घर से दस गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को कम से कम दस दस एमवीए के दो ट्रांसफार्मरों की सख्त जरुरत है क्योंकि मात्र छह एमवीए के पुराने बिजली ट्रांसफार्मर से नाममात्र आपूर्ति की जा रही है जिससे किसानों के ट्यूबवैलों की मोटर व घरेलू उपकरण खराबे की भेंट चढ रहे हैं।

### विधायक और एसडीएम ने दिया था भरोसा

ब्राह्मण नेता पूर्व सरपंच सीताराम शर्मा, काकड़ौली सरदारा सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह रोहिल्ला, सरपंच शमशेर पंचगावां, रमेश काकड़ौली, इंद्राज दिसौदिया, छात्र नेता विजय मोटू की अगुवाई में 26 जून को काकड़ौली बिजली घर पर तालाबंदी कर बताया कि काकड़ौली सरदारा स्थित 33 केवी बिजली सब स्टेशन से काकड़ौली हठ्ठी, काकड़ौली सरदारा, गोपी, पंचगावां, जीतपूरा, लाडावास, काकड़ौली हु1मी उमरवास आदि क्षेत्र के घरेलू व कृषि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति करता है लेकिन मौजूदा समय में ना तो यहां पर खपत के अनुसार बिजली ट्रांसफार्मर, ना उपकरण उपल4ध हैं और नियमित कर्मचारियों की कमी के कारण बार बार कट लगने पर कर्मचारी उपलब्ध नहीं रहते। बिजली विभाग उनके साथ जानबूझ कर नाईंसाफी बरत रहा है। मौजूदा सीजन में सभी ट्यूबवैलों व घरों में जहां बिजली आपूर्ति की डिमांड बढेगी वहीं बिजली खपत अधिक होने के बावजूद छह माह से जले छह एमवीए के ट्रांसफार्मर की जगह छह एमवीए का पुराना ट्रांसफार्मर लगा दिया है जो फरवरी माह की गर्मी नहीं झेल पाया और नकारा हो चुका है।

### तैयार हो रहा प्लेटफार्म

विभाग द्वारा जयपूर से भेजे गए करोड़ों की लागत से भेजे गए 12.6 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर को एक सप्ताह में ही स्थापित कर संचालित कर दिया जाने की सूचना है जिसके लिए बिजली विभाग के दो दर्जन कर्मचारी व बड़े बड़े इंजीनियर ट्रांसफार्मर प्लेटफार्म तैयार करने के लिए काम में लगेंगे।

## बरसात ने तोड़ दी किसानों की कमर

# सीएम को भेजे ज्ञापन में मुआवजा देने की मांग

- कपास, बाजरा, मूंग और ग्वार जैसी मुख्य फसलें जलभराव के कारण पूरी तरह से हो चुकी हैं बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

उपमंडल क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दी है। ग्राम मांढी केहर के किसानों ने मंगलवार को एसडीएम बाढड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन भेजकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि कपास, बाजरा, मूंग और ग्वार जैसी मुख्य फसलें जलभराव के कारण पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं। जल निकासी के सभी प्रयास विफल रहे, जिससे खेत तालाब बन गए हैं। बरसात के कारण गंभीर स्थिति को देखते हुए गांव मांढी केहर के किसानों ने एसडीएम बाढड़ा के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन भेजकर मुआवजे की मांग की है।

### रबी की बुआई की चिंता

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि उनका पूरा क्षेत्र कृषि पर निर्भर है और अब फसलें बर्बाद होने से उनके सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जलभराव की स्थिति अभी भी बनी हुई है, जिससे आगामी रबी सीजन की बुआई पर भी खतरा मंडरा रहा है। सरपंच अशोक कुमार की अध्यक्षता में मिलने पहुंचे किसान अपने साथ खराब हुई फसलों के पौधे भी लेकर आए जिनमे साफ दिख रहा कि कपास और बाजरा खड़ी फसल में ही अंकुरित हो चुका है। लगातार हो रही बारिश से बची हुई फसल भी नहीं बच पाएगी।

### शीघ्र सर्वे करवाएं

किसानों का कहना है कि यदि समय रहते उन्हें उचित आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो उनके लिए खेत संभालना और परिवार का गुज़ारा करना असंभव हो जाएगा। किसानों ने मुख्यमंत्री से मानवीय आधार पर शीघ्र सर्वे कराकर फसलों के नुकसान का उचित मुआवजा देने की अपील की है। अब देखना यह होगा कि राज्य सरकार इस संकट से जूझ रहे किसानों की पीड़ा पर कितनी गंभीरता से संज्ञान लेती है और कब तक उन्हें राहत मिल पाती है। इस अवसर पर राजपाल डांगी, सुमेर सिंह, प्रीतम शर्मा, विनोद मांढी, अजय कुमार,सुभाष, कर्ण सिंह, निपल कुमार, जतिन आदि मौजूद रहे।

# धरतीपुत्रों ने मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**लगातार बरसात से फसलें हो चुकी हैं बर्बाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

क्षेत्र में लगातार चार दिनों से हो रही बरसात से बाजरा, कपास, मुंग की फसल पूरी तरह से खराब हो गई है जिसको लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर क्षेत्र के किसान संगठनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर जल्द ही क्षेत्र में खराब हुई फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाकर मुआवजे की मांग की ताकि किसानों को समय पर मुआवजा मिल सके। जिसकी अध्यक्षत भूप सिंह दलाल ने की। किसानों ने कहा कि प्रदेश भर में पिछले चार दिनों से लगातार बरसात हो रही है जिसके बाजरा , कपास, गवार व मूंग की फसल पूरी तरह से खराबे के भेट चढ़ गई है। लगातार बरसात से बाजरा व कपास अंकुरित हो गई है। किसानों का कहना है कि डीएपी व युरिया खाद का प्रबंध किया जाए।



बाढड़ा। किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कपास पर लगा आयात शुल्क वापस लें

किसान नेता रघवीर श्योराण, श्योराण खाप 25 के प्रधान बिजेंद्र बेरला व किसान नेता रणधीर ने करते हुए कहा कि वित मंत्रालय ने कपास पर लगने वाले 11 प्रतिशत आयात शुल्क को तत्काल प्रभाव से खत्म करने का निर्णय किया है किसान नेताओं ने कहा कि सरकार के इस फैसले को देश भर के कपास पैदा करने वाले किसानों को उजाडने वाला निर्णय बताया है, आयात शुल्क समाप्त होने से कपास की घरेलू कीमत पर सीधा असर पड़ेगा। बाहर से कपास सस्ती कीमतों पर बाजार में आएगी जिससे हमारे कपास की कीमतें निश्चित रूप से गिरेंगी और किसानों को और अधिक संकट और कर्ज का सामना करना पड़ेगा।

# सही आहार ही स्वास्थ्य का आधार : फौगाट

- एचडी स्कूल, बिरोहड़ में जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय पोषण सप्ताह में बच्चों ने पोस्टर, नाटक और स्लोगन से दिया पौष्टिक आहार अपनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

एच.डी. पब्लिक स्कूल, बिरोहड़ में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संतुलित आहार, स्वास्थ्यवर्धक भोजन और जीवनशैली से जुड़े महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नमिता दास, उप प्राचार्य नवीन सनसनवाल व प्राथमिक विभाग प्रभारी प्रिति पाहवा के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और इसके लिए बच्चों को पौष्टिक भोजन की ओर ध्यान देना होगा।" उन्होंने छात्रों को जंक फूड से दूर रहने और दूध, फल, हरी सब्जियों तथा अनाज को अपने आहार में शामिल करने की प्रेरणा दी। विद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बच्चों ने नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी को पौष्टिक भोजन का महत्व समझाया। नाटक प्रस्तुत करने वाले बच्चों ने जंक फूड से होने वाले नुकसान को मजेदार अंदाज में दिखाया, जबकि पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थियों ने संतुलित आहार का चित्रात्मक रूप प्रस्तुत किया।



चरखी दादरी। आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती। फोटो : हरिभूमि

### घर के बने भोजन को प्राथमिकता दें

विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग तली-भुनी और बाहर के खाने की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे बच्चों में मोटापा, मधुमेह और अन्य बीमारियाँ बढ़ रही हैं। हमें घर के बने भोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए और बच्चों को बचपन से ही पौष्टिक आहार की आदत डालनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण सप्ताह केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक आंदोलन है, जो हमें यह याद दिलाता है कि भोजन केवल स्वाद नहीं बल्कि स्वास्थ्य की कुंजी है। "सही आहार ही स्वास्थ्य का आधार है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के इस आयोजन ने विद्यालय परिसर को उत्साह, जागरूकता और सकारात्मक संदेशों से भर दिया। बच्चों ने न केवल स्वयं सीखा, बल्कि समाज को भी संतुलित आहार अपनाने का संदेश दिया।

## राहत सामग्री पहुंचाने के लिए तोशाम में गणमान्य लोगों बैठक की आयोजित

**तोशाम।** मंगलवार को स्थानीय जाट धर्मशाला में एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के करीबन दो दर्जन गांव के मौजीज व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पंजाब में जो बाढ़ आई है उसके लिए राहत सामग्री इकट्ठा करने का निर्णय लिया गया। पंचायत में इस बारे एक कमेटी का गठन किया गया जो कमेटी आसपास के गांव में जाकर गांव में अलग से कमेटी बनाएगी और राहत सामग्री इकट्ठा की जाएगी। जिसमें खास तौर से चारा या अनाज तिरपाल, दवाइयां आदि जरूरतमंद सामान की व्यवस्था की जाएगी और सारी राहत सामग्री को एकत्रित करके पंजाब पहुंचाया जाएगा। तोशाम क्षेत्र के गांव सरल के पूर्व सरपंच कृष्ण ने पंचायत में कहा कि यदि पंजाब से कोई भी बाढ़ से पीड़ित भाई अपनी भैंसों के साथ पशुओं के साथ यदि यहां आना चाहता है तो हम उसके लाने और ले जाने की व्यवस्था खुद ग्राम पंचायत सरल करेगी । इस इस कमेटी में मुख्य रूप से कमल सिंह प्रधान, अशोक मलिक सात बास, युद्धवीर चेयरमैन, तेजवीर मास्टर, सुरेश सिंगला, संजय नाफरिया, कृष्ण सरपंच, भागु पंघाल आदि शामिल हैं

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# 28 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

- सामूहिक प्रयासों से समाज में लाया जा सकता है बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्तकोष में रक्त की कमी को देखते हुए भिवानी उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्या डा. अन्नु बल्हारा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें रैडक्रॉस के 28 स्वयं सेवकों रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर रक्तकोष टीम में शामिल शर्मिला, गुंजन, सुभाष, रेडक्रॉस लिपिक गोविंद आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। रक्तदाओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एक यूनिट रक्त से बच सकती हैं कई जान

*इस दौरान ब्लड बैंक के प्रभारी डा. रोहित और भिवानी रेडक्रॉस के जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान भिवानी रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने आपातकाल में रक्त की जरूरत को पूरा करने के लिए आगे आने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि सामूहिक प्रयासों से हम समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि डा. अन्नु बल्हारा के सहयोग से समय-समय पर रक्तदान शिविर लगवाती रहती है। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त कई लोगों की जान बचा सकता है,।*

# न्यायपालिका का महत्व बताया

- न्यायपालिका की स्वतंत्रता विधि के शासन को बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा किया अपने एलएलएम छात्रों के लिए भारत में विधि का शासन और न्यायपालिका की भूमिका विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर वक्ता डॉ. बिपिन कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर ने अपना व्यक्तव्य दिया। डॉ. बिपिन कुमार के व्याख्यान में विधि के अध्यक्ष, न्यायपालिका की भूमिका और भारत में इसके महत्व पर चर्चा की गई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता विधि के शासन को बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण है। विस्तृत व्याख्यान को छात्रों ने बहुत जानकारीपूर्ण और विचारोत्तेजक पाया, जिससे उन्हें विधि की गहरी समझ मिली। एलएलएम के छात्रों ने डॉ.बिपिन कुमार से प्रश्न पूछे और अपने संदेहों को स्पष्ट किया। डॉ बिपिन कुमार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया।

### छात्रों को मिला बौद्धिक लाभ

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, के विधि विभाग द्वारा नियमित रूप से ऐसे ऑनलाइन व्याख्यान और कार्यशालाओं का आयोजन करता है ताकि छात्रों को विविध दृष्टिकोण और विशेषज्ञता के संपर्क में लाया जा सके। इन पहलों का उद्देश्य छात्रों के ज्ञान, आलोचनात्मक सोच और विश्लेषणात्मक कौशल को बढ़ाना है। विश्वविद्यालय के विधि विभाग अध्यक्ष डॉ. प्रमोद मलिक ने वक्ता डॉ. बिपिन कुमार का परिचय दिया और सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों को बौद्धिक लाभ होता है और उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विधि विभाग भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को आयोजित करता रहेगा जिससे कि छात्रों को और अधिक सीखने और विकसित होने का अवसर मिले।

## श्रीगणेश महोत्सव में कलाकारों ने भजनों से बांधा समां

# बच्चों ने भगवान शिव, माता पार्वती व भगवान गणेश की प्रस्तुत की झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांधी नगर में श्रीगणेश महोत्सव मण्डल द्वारा चेतनराम सत्संग भवन परिसर में इन दिनों गणेश उत्सव को लेकर प्रधान बजरंगलाल सितोकपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।

इसमें बतौर मुख्य अतिथि काठ मंडी, सैनीपुरा क्षेत्र स्थित श्री श्याम हनुमान मंदिर कमेटी संचालक बजरंग लाल जिंदल एवं प्रवीण सिवाल जांगड़ा ने शिरकत की। रात्रि जागरण का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित कर करवाया गया। सभी का स्वागत मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया व उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान निशु शर्मा, बुलंन्द शहर, सोनू शिवरजनी बजरंग बाबा,चरखी दादरी, श्याम सुन्दर कौशिक सहित अन्य कलाकारों द्वारा अपने भजनों के माध्यम से गणपति बप्पा की महिमा का गुणगान किया गया।



### बच्चों को किया सम्मानित

स्थानीय गांधी नगर में रहने वाले दंपति व उनके बच्चें द्वारा भगवान शिव, माता पार्वती व भगवान गणेश की झांकी को प्रस्तुत किया, जिसकी सराहना सभी ने की। दों समय आरती के उपरांत प्रसाद वितरण श्रद्धालुओं के सहयोग से किया जा रहा है। बच्चों को उनके अच्छे प्रदर्शन पर पुरस्कार भी भेंट करते हुए हौसला बढाया जा रहा है। इस दौरान गांधी नगर सहित आसपास के क्षेत्र से सैकडों श्रद्धालु महिला पुरूषों बच्चों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।



### श्रीश्याम हनुमान मंदिर में मनाया गणेश उत्सव

**चरखी दादरी।** काठमंडी सैनी पुरा स्थित श्रीश्याम हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कि जा रहे गणेश उत्सव के छटे दिन बच्चों की राधा रानी प्रतियोगिता रखी। श्रीश्याम हनुमान मंदिर समिति व बाल गणेश मंडल के सहयोग से आयोजित गणेश उत्सव के दौरान पूरे क्षेत्र से करीबन 40 बच्चों ने सहभागिता की। बतौर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि अंजू देवसरिया, संजय सैनी, रमेश अग्रवाल, गिरी मामा, यूटयूबर अनिल, सुभाष सिंगला, राजेश लखानी द्वारा सहभागिता की गई। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों के हुनर का अवलोकन किया व उनकी तारीफ की। मंच संचालन रमेश चिडिया ने करवाया। स्पर्धा के दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुनित, कृतिका व छवि रहे। अतिथियों द्वारा अव्वल रहने वालें बच्चों व सहभागियों को उपहार भेंट किए गए। इस दौरान प्रधान राजेश जांगडा, डॉ. सुदेश वर्मा, डॉ. राजेश सनवाल, उपप्रधान अनिल ग्रोवर, रिंकू डिम्पी सिंगला, अमित, सुरेश, लक्ष्मी, प्रमिला आदि मौजूद रहे।